Title: Regarding measures against pest attack on cotton crop in Haryana

श्री बृजेन्द्र सिंह (हिसार): भारत दुनिया में कपास के उच्चतम उत्पादकों में से एक है और हरियाणा देश में कपास का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है। Whitefly के हमलों ने हरियाणा के कपास बेल्ट पर Cotton Leaf Curl Disease का व्यापक स्तर पर प्रसार किया है जो कपास के पौधों के सामान्य विकास को बाधित करके उनके उत्पादन को कम कर देती है। हरियाणा के आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, राज्य में कपास बुवाई के तहत क्षेत्र में 7.23 लाख हेक्टेयर से 7.40 लाख हेक्टेयर की वृद्धि के बावजूद उत्पादन काफी कम हुआ है। वर्ष 2020-21 में कपास का उत्पादन 18.23 लाख गांठ था, जबकि वर्ष 2019-20 में 24.85 लाख गांठ का उत्पादन हुआ था । कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए तैयार किए गए अनुमान के अनुसार, हरियाणा में कपास उत्पादन में 2.0 प्रतिशत की गिरावट आने की संभावना है और फसल का उत्पादन 13.02 लाख गांठ होने का अनुमान है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि संबंधित विभागों द्वारा कीट हमलों की रोकथाम के लिए उचित व्यवस्था एवं व्यापक स्तर पर रोग और इसके प्रबंधन के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाए । साथ ही कपास किसानों को कीट हमलों और भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का सर्वेक्षण किया जाए ।